

www.patrika.com

अलवर, शुक्रवार

राजस्थान पत्रिक

खुशहाली का कॉरिडोर

दिल्ली-मुंबई इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर : राज्य सरकार की ओर से पांच परियोजनाएं 'अर्ली बर्ड प्रोजेक्ट' के रूप में चिह्नित

राजस्थान में बनेगी ग्लोबल सिटी, 250 किमी की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन, नए औद्योगिक क्षेत्र और नए हवाईअड्डे बनेंगे

राज्य में होगा भारी निवेश, लाखों को मिलेगा रोजगार, कॉरिडोर विकास निगम को भेजा प्रस्ताव

कॉरिडोर का 40 फीसदी हिस्सा राजस्थान के अलवर, जयपुर, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा व राजसमन्द से गुजरेगा

...तो कुछ यूं दिखेगा राजस्थान

40 हजार एकड़ में बनेगी ग्लोबल सिटी

राज्य को सबसे ज्यादा फायदा

जयपुर-दिल्ली बुलेट ट्रेन

...और ये भी

13 राजस्थान पत्रिका अलवर > शुक्रवार > 14 सितम्बर, 2006

नीमराना और मुरथल में विशेष आर्थिक जोन

अंचल की जयपुर-जोधपुर समेत अन्य शहरों में आईटी पार्क की योजना



अलवर, रविवार, 23 सितम्बर 2012 राजस्थान पत्रिका

राजस्थान पत्रिका

ताइवान का पैसा आएगा राजस्थान

[ताइवान के 45 उद्यमियों का एक दल सोमवार को नीमराणा आएगा]

जयपुर। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ताइवान के 45 उद्योगपति राजस्थान में एक से 10 हजार करोड़ रुपए तक का निवेश कर सकते हैं। राज्य सरकार भी उनके लिए नीमराणा (अलवर) में विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाने को तैयार है। सोमवार को ताइवान डेलीगेशन की पहल पर वहां के 45 उद्यमी नीमराणा का दौरा करेंगे।

नीमराणा में पिछले वर्ष जापान के उद्यमियों के लिए एक विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया था, जहां 40 इकाइयां लगी हैं। जिनमें से 20 में उत्पादन शुरू हो चुका है। इसी क्षेत्र की तर्ज पर ताइवान के लिए एक नया क्षेत्र विकसित किया जा सकता है। ताइवान खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए जाना जाता है। ...लेकिन दौरा करने वालों में दवाइयां, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल की इकाइयां चलाने वाले उद्यमी भी शामिल हैं। हालांकि यह दल फिलहाल एक भ्रमण की तरह ही आ रहा है लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इनमें से कुछ उद्यमी मौके पर ही राज्य सरकार को अपने निवेश के बारे में जानकारी दे सकते हैं।

यह है खूबियां नीमराणा की

- दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर में शामिल है
- दिल्ली और जयपुर से लगभग 130-135 किलोमीटर की दूरी
- [illegible] राष्ट्रीय राजमार्ग। दिल्ली, जयपुर, मुम्बई, अहमदाबाद, चंडीगढ़, भोपाल, इन्दौर जैसे शहरों से जुड़ाव
- क्षेत्र में कई इंजीनियरिंग-एमबीए कॉलेज और विश्व स्तरीय स्कूल हैं। जिससे प्रशिक्षित कामगार मिल सकेंगे

किसी देश के उद्यमियों के सामूहिक निवेश की यह एक बड़ी गतिविधि है। [illegible]

-राजेन्द्र भाणावत, प्रबंध निदेशक-रीको



गुड़गांव से भी हाईटेक नया शहर

बहरोड़-नीमराणा-शाहजहांपुर में प्रस्तावित मेगा सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं देने की तैयारी है। राज्य सरकार ने नेशनल कैपिटल रीजन विस्तार के तहत अलवर जिले में इस नई टाउनशिप की कवायद तेज कर दी है। 40 हजार एकड़ जमीन में तकरीबन 10 लाख की आबादी का शहर होगा।

उरुक्रम शर्मा
• जयपुर, 23 जुलाई।

अलवर जिले में बनने वाली नई टाउनशिप सहूलियतों के मामले में गुड़गांव और नोएडा-ग्रेटर नोएडा को पछाड़ देगी। दिल्ली, मुंबई जैसी गगनचुंबी इमारतें, चौड़ी सड़कें और सार्वजनिक परिवहन के अत्याधुनिक साधन होंगे। इससे दिल्ली और करीब हो जाएगी।

यहां अपने किस्म के अनूठे व वर्ल्डक्लास बाजार, मॉल चकाचौंध कर देंगे। लोगों को बेस्ट मेडिकल सुविधा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पताल होंगे। हरियाली पर भी पूरा जोर रहेगा और इसके लिए सिटी फॉरेस्ट होगा। एनसीआर बोर्ड ने जिले में सिटी फॉरेस्ट के कुछ प्रोजेक्ट मंजूर भी किए हैं। प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में करीब 1000 पेड़ लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तहत बहरोड़-नीमराणा-शाहजहांपुर में 40 हजार एकड़ जमीन पर बनने वाली नई टाउनशिप को इसी वित्तीय वर्ष में शक्ल देने के इरादे के साथ राज्य सरकार की कवायद तेजी पकड़ चुकी है।

दिल्ली हाइवे के दोनों ओर दस लाख आबादी का भार सहन करने लायक शहर बसाने की तैयारी जोरों पर है। चीफ टाउन प्लानर (एनसीआर) हेमंत मुरड़िया के अनुसार राज्य सरकार ने बोर्ड की मंजूरी के बाद नए शहर का मास्टर प्लान बनाने के लिए निविदाएं मांगी थीं। इसमें देश के मशहूर 28 टाउन प्लानर ने भाग लिया। सरकार ने छंटनी के बाद इनमें से 10 को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया था। ▸▸ शेष पेज 4 पर

कैसा है गुड़गांव

पेंटहाउस, स्विमिंग पूल, सिक्योरिटी के पुख्ता इंतजाम वाले मल्टीस्टोरी काम्प्लेक्स। हाई क्लास सोसाइटी, मल्टीनेशनल कंपनियों व अन्य कॉरपोरेट हाउसेज के शानदार दफ्तर, बड़े-बड़े माल, इंटरनेशनल रेस्तरां चेन, इंटरनेशनल ब्रांड के शो रूम। हरियाणा का तीन-चौथाई से अधिक विदेशी निवेश गुड़गांव में।

राजस्थान को क्या फायदा : नोएडा और गुड़गांव से भी ज्यादा अत्याधुनिक टाउनशिप दिल्ली के नजदीक विकसित होने से राज्य के विकास को पंख लग जाएंगे।

इस महोत्तम सिटी में हम दुनिया की बेहतरीन व्यवस्थाएं लागू करेंगे। यह शहर दुनिया के नक्शे पर अनूठा होगा।

वसुंधरा राजे, मुख्यमंत्री

नई सिटी से राज्य को फायदा होगा और दिल्ली का भार भी कम होगा। इस हाईटेक शहर को देख लोग भूल जाएंगे दिल्ली।

प्रतापसिंह सिंघवी
नगरीय विकास राज्यमंत्री



राजस्थान पहला राज्य होगा, जहां होंगे दो देशों के विशेष आर्थिक निर्माण जोन

नीमराणा में अब जापान की तरह बनेगा कोरियाई जोन

100 कंपनियों ने दिखाई रुचि

विशेष संवाददाता | जयपुर

जापान की तरह नीमराणा में अब दक्षिण कोरिया उद्यमियों के लिए कोरियाई जोन बनेगा। इसके लिए सोमवार को दिल्ली में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर हस्ताक्षर रीको के एमडी नवीन महाजन और दक्षिण कोरिया व्यापार संवर्धन एजेंसी (कोटरा) के महानिदेशक क्यूंग यूल किम ने किए। यह जोन एनसीआर अलवर के औद्योगिक क्षेत्र नीमराणा के घिलोट में स्थापित किया जाएगा। दोनों संगठन कोरिया से राजस्थान को औद्योगिक निवेश और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को प्रोत्साहन देने के लिए काम करेंगे।

इस मौके पर रिपब्लिक ऑफ कोरिया के भारत में राजदूत जून-ग्यू ली ने कहा कि जोन की स्थापना दक्षिण कोरिया व भारत के बीच आपसी हित के आर्थिक सहयोग और व्यापार के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर का लाभ भी इसे मिल सकेगा। रीको के अध्यक्ष व एसीएस (उद्योग) सुनील अरोड़ा ने कहा कि राजस्थान पहला राज्य होगा, जहां दो देशों के विशेष आर्थिक निर्माण जोन होंगे। वर्ष 2008 में नीमराणा में ही जापानी इन्वेस्टमेंट जोन बनाया गया था।

नीमराणा में विशेष कोरियाई उद्योग जोन की स्थापना के लिए नई दिल्ली में एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। समारोह में मौजूद रीको और कोटरा का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल।

यह होगा कोरियाई जोन में

फरवरी में 1
रही कारों क

फरवरी में निर्यात 4.2



हीरो मोटर कॉर्प के दो प्लांटों की रखी आधारशिला

नीमराना | रीको औद्योगिक क्षेत्र फेज-सेकंड में हीरो मोटर कॉर्प लिमिटेड कंपनी के 90 एकड़ में बनने वाले दो अत्याधुनिक प्लांटों की आधारशिला सोमवार को कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवन मुंजाल ने रखी। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पवन मुंजाल ने कहा कि कंपनी आने दिनों में 21 सौ करोड़ रुपए का निवेश करेगी। प्रथम चरण में नीमराना को चुना गया है, जिसमें प्रथम चरण में 7 सौ करोड़ तथा द्वितीय चरण में 5 सौ करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दोनों प्लांटों में ग्रीन टैक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाएगा। कंपनी कूकस जयपुर एवं गुजरात के हलोल में शीघ्र ही नए प्लांट स्थापित करेगी। इस मौके कंपनी के सप्लाई ऑपरेशन हैड विक्रम काश्बेकर, राकेश वशिष्ठ, कार्मिक प्रबंधक पीके गोदारा, मोहन सिंह शेखावत, रीको के मुख्य महाप्रबंधक जयपुर एके गुप्ता, एसआरएम आरसी जैन, आरएम एनबी सक्सेना, एआरएम एचपी सिंह, थानाधिकारी मोहनलाल पोसवाल सहित शीशराम गुर्जर, सुंदर गुर्जर, दुलीचंद गुर्जर, शिवाजी बासु आदि उपस्थित थे। दोपहर बाद कंपनी के प्रबंध निदेशक पवन मुंजाल हेलिकॉप्टर से लौट गए।

नीमराना. हीरो मोटरकोर्प कंपनी की आधारशिला रखते प्रबंध निदेशक पवन मुंजाल एवं अन्य।



An eye for yen

Major investments in Neemrana

Company	Investment (in ₹cr)
Daikin Air-conditioning	360
Nissin Brake India	240
Mitsui Chemical India	400
Unicharm India Hygienic	160
Toyota Kirloskar Motor (Warehousing)	50

Source: RIICO



7 townships planned on Delhi-Jaipur e-way

Dipak Kumar Dash | TNN

New Delhi: Drawing upon the Delhi-Agra Expressway model, the government is set to allow development of seven new townships spread over 20,000 hectares along the proposed Delhi-Jaipur Expressway, resulting in a fresh real estate rush along the 265km road.

Senior government officials told TOI the Haryana government has already approved in-principle the plan for three new clusters in Manesar, Pataudi and Rewari, while Rajasthan is expected to allow building four new townships in Behror, Kotputli, Sahapura and Chomu.

▸Viability funding, P 16

The townships in Haryana would be spread over at least 6,000 hectares while those in Rajasthan are expected to occupy around 14,000 hectares. In both states, the projects would get special access to the expressway. The projects are on the lines of the Yamuna Expressway.

The proposed Rs 12,000-crore expressway is in addition to the existing highway connecting Delhi and Jaipur, where a new city is being built in Neemrana as part of the Delhi-Mumbai Industrial Corridor. Another half-a-do en new towns are slated spring up there.

Yamuna faces catastrophe, apex court told

Dhananjay Mahapatra | TNN



भिवाड़ी से बहरोड़ चलेगी मेट्रो ट्रेन

नीमराणा से भिवाड़ी तक फोरलेन

धारूहेड़ा से भिवाड़ी तक बनेगी एलीवेटर रोड

प्रदेश में होगी 700 चिकित्सक व 2500 एएनएम की भर्ती

पत्रिका संवाददाता

भिवाड़ी, 6 मार्च। भिवाड़ी और बहरोड़ के बीच शीघ्र ही मेट्रो ट्रेन चलाई जाएगी। इसके लिए योजना आयोग को प्रस्ताव भिजवा दिया गया है, जिसे स्वीकृत करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश में जल्द ही 700 चिकित्सक और 2500 एएनएम की भर्ती की जाएगी। चिकित्सा मंत्री एमामुद्दीन अहमद खान दुर्रूमियां ने शनिवार को भिवाड़ी में 25 करोड़ 90 लाख रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन समारोह में ये घोषणाएं की।

उन्होंने कहा कि नीमराणा से भिवाड़ी तक फोरलेन रोड और धारूहेड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिवाड़ी तक एलीवेटर रोड के प्रस्ताव भेजे गए हैं। जिन्हें शीघ्र पारित करवाया जाएगा। भिवाड़ी टपूकड़ा के बीच में मेडिकल या एजुकेशन पार्क बनवाने के प्रस्तावको को भूमि भी उपलब्ध कराने की घोषणा की।

भिवाड़ी को औद्योगिक क्षेत्र में देश के मानचित्र पर पहले स्थान पर लाने का प्रयास किया जाएगा। जिन गांवों में सीवर लाइन की मांग आएगी, वहां प्राथमिकता से डलवाई जाएगी।

भिवाड़ी में शनिवार को चिकित्सा मंत्री दुर्रूमियां, सांसद जितेंद्र सिंह और जिला कलक्टर कुंजीलाल मीणा ने 25 करोड़ 90 लाख रुपए की सुलभ कॉम्पलेक्स व रैन बसेरा, सामुदायिक भवन, सेंट्रल पार्क द्वितीय चरण, बाबा मोहनराम मंदिर के लिए वैकल्पिक मार्ग व अल्पआय वर्ग के आवासों के निर्माण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही राजीव गांधी एनक्लेव आवासीय योजना 'आर्थिक दृष्टि' से कमजोर व 'अल्प आय वर्ग' के फ्लैट्स की लॉटरी निकाली। शेष पेज 12 पर